# राज्य स्तरीय युवा उत्सव
# युवा तरंग
**23,24 एवं 25 फरवरी 2024**

आयोजक

## जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
(NAAC Accredited A++ Grade)


S.No.: 204 | Ph. No. : 0751-2442821
Date : 21.01.2024 | Mob. No.: 9425364178
e-mail : profjngautam@gmail.com


प्रति,

कुलसचिव
समस्त विश्वविद्यालय,
(मध्य प्रदेश)

**विषय :** **मध्य प्रदेश राज्य अन्तर्विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव 2024 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ :** **मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक 198134/रासेयो/2023/38 भोपाल, दिनांक 01.09.2023 के सन्दर्भ में।**

महोदय/महोदया,

आपको सूचित करते हुये हर्ष का अनुभव हो रहा है कि सत्र 2023–24 के **राज्य स्तरीय अन्तर्विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव** को सम्पन्न कराने का दायित्व उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शसन द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को प्रदान किया गया है। यह आयोजन विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में **दिनांक 23, 24 एवं 25 फरवरी 2024** तक होना नियत है।

कृपया तद्नुरूप दल भेजना सुनिश्चित करें। युवा उत्सव के आयोजन की अवधि में ग्वालियर में ठंड रहेगी। अतः प्रतिभागी अपने साथ पर्याप्त ऊनी कपड़े व ओढ़ने–बिछाने के कपड़े अनिवार्यतः लायें। पंजीयन के समय मान्य कुल सदस्य संख्या 69 होगी। भोजन एवं आवास व्यवस्था दिनांक 22 फरवरी से 25 फरवरी 2024 की रात्रि 10:00 बजे तक रहेगी। सभी विश्वविद्यालय प्रतिभागियों को दिनांक 25 फरवरी 2024 की रात्री 11:00 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर एवं आवास की सुविधा छोड़नी होगी।

आपसे अनुरोध है कि,

1. विधाओं में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री प्रतिभागी दल को स्वंय लानी होगी।
2. प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की युवा उत्सव मार्गदर्शिका के निर्देशों के परिपालन में समस्त दस्तावेज लाना अनिवार्य है।
3. **पंजीयन शुल्क** प्रति सदस्य **रूपये 2000/–** की दर से दल की कुल संख्या के अनुसार कुल राशि **RTGS/NEFT या बैंक ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम देय हो,** जमा कराना होगा।

   **RTGS/NEFT के लिये बैंक विवरण निम्नानुसार है –**

| | | |
|---|---|---|
| **Bank Name** | **:** | **Central Bank of India** |
| Account Name | : | Registrar, Jiwaji University, Gwalior |
| Account No. | : | 1813358364 |
| IFSC code | : | CBIN0283189 |

4. सुरक्षा निधि के रूप में रूपये 5000/— प्रति दल वापसी योग्य धनराशि जमा कराना होगा।
5. प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने साथ विश्वविद्यालय के दो ध्वज व दो बैनर साथ लाना अनिवार्य है।
6. मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की मार्गदर्शिका में दर्शायी गयी दल की संख्या 69 से अधिक होने पर प्रति सदस्य रूपये 2000/— जमा कराना अनिवार्य होगा।
7. **प्रपत्र अ** दिनांक 10 फरवरी 2024 तक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की e-mail i.d.: profjngautam@gmail.com पर प्राथमिकता के आधार पर भेजने का कष्ट करें।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव से सम्बन्धित जानकारी के लिये निम्नलिखित सम्पर्क सूत्रों से आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. जे.एन. गौतम, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | मो.नं. 9425364178 |
| 2. मौहम्मद विकार कुरैशी | मो.नं. 9098102806 |
| 3. आदर्श सिमौलिया | मो.नं. 8770981654 |

आपकी सक्रिय भागीदारी, सहयोग एवं सुझावों की अपेक्षा के साथ प्रतिक्षारत।

धन्यवाद,

भवदीय

**(प्रो. जे.एन. गौतम)**
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

**संलग्न :1. प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित नियम**
**2. प्रपत्र — अ, ब, स, द एवं ई**

**प्रतिलिपि :**

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश
2. निज सहायक, अपर मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल
3. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल
4. निज सहायक कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश
5. माननीय कुलपति जी, समस्त विश्वविद्यालय (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ।
6. समस्त अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश

**(प्रो. जे.एन. गौतम)**
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

S.No.: Ph. No. : 0751-2442821
Date : Mob. No.: 9425364178
e-mail : profjngautam@gmail.com

# प्रतियोगिताओं के नियम

## एकल गायन (शास्त्रीय पद्धति)

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की संख्या अधिकतम 2 हो सकती है।
4. प्रस्तुति हिन्दुस्तानी अथवा कर्नाटक शैली में हो सकती है।
5. प्रस्तुति का अधिकतम समय 15 मिनिट है।
6. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 04 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
7. प्रस्तुति में फिल्मी व रिकॉर्डेड गाने वर्जित हैं।
8. निर्णय का आधार राग का चयन, प्रस्तुति, स्वर, ताल का सामंजस्य एवं समग्र प्रभाव होगा।
9. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

## एकल गायन (सुगम)

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की अधिकतम संख्या 02 होगी।
4. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 03 से 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
5. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 02 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
6. प्रस्तुति में केवल गैर फिल्मी गाने जैसे – गीत/गजल/भजन/शबद/अभंग आदि गाये जा सकते हैं।
7. निर्णय का आधार प्रस्तुति, स्वर–ताल का सामंजस्य एवं समग्र प्रभाव होगा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

## समूह गायन (भारतीय)

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में प्रतियोगियों की अधिकतम संख्या 6 एवं संगतकारों की संख्या 3 हो सकती है।
4. प्रत्येक दल को एक देश भक्ति गीत एवं एक लोक गीत गाना आवश्यक है।
5. फिल्मी समूह गान अमान्य है।
6. देश भक्ति गीत हिन्दी भाषा में एवं लोक गीत किसी भी क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है।
7. दोनों गीतों की प्रस्तुति के लिये अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित हैं।
8. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 04 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
9. निर्णय का मुख्य आधार गायन की गुणवत्ता पर रहेगा न कि वेशभूषा, रूप सौन्दर्य और भाव भंगिमा।
10. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**एकल गायन (पाश्चात्य)**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की संख्या अधिकतम 2 हो सकती है।
4. प्रस्तुति अंग्रेजी भाषा में ही हो सकती है।
5. प्रस्तुति का अधिकतम समय 03 से 05 मिनिट है।
6. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 02 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
7. निर्णय का आधार कम्पोजिशन, लय संयोजन एवं सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर किया जावेगा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**समूह गायन (पाश्चात्य)**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में प्रतियोगियों की अधिकतम संख्या 6 एवं संगतकारों की संख्या 3 हो सकती है।
4. समूह गान केवल अंग्रेजी भाषा में ही प्रस्तुत किये जा सकेंगे।
5. समूह गान के लिये अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित हैं।
6. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 04 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
7. निर्णय का आधार गायन की गुणवत्ता पर रहेगा न कि वेशभूषा, रूप सौन्दर्य और भाव भंगिमा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**शास्त्रीय एकल वादन (ताल वाद्य)**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की अधिकतम संख्या 02 होगी।
4. प्रतियोगी कलाकार अपने वाद्य यंत्र स्वंय लेकर आयेंगे।
5. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
6. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 02 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
7. निर्णय का आधार कम्पोजिशन, ताल और सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जावेगा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**शास्त्रीय एकल वादन (स्वर वाद्य)**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की अधिकतम संख्या 02 होगी।
4. प्रतियोगी कलाकार अपने वाद्य यंत्र स्वंय लेकर आयेंगे।
5. पाश्चात्य मूल के वाद्य यंत्रों पर भारतीय रागों का वादन मान्य होगा।
6. प्रस्तुति के लिये अधिकतम 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
7. मंच व्यवस्था के लिये अधिकतम 02 मिनिट का समय अतिरिक्त दिया जायेगा।
8. निर्णय का आधार स्वर, ताल, राग का चयन, कम्पोजिशन एवं सम्पूर्ण प्रभाव के आधार पर निर्णय किया जावेगा।
9. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**<u>एकल नृत्य (शास्त्रीय)</u>**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. संगतकारों की अधिकतम संख्या 3 रहेगी।
4. विभिन्न विधाओं के शास्त्रीय नृत्य जैसे – कत्थक, कथकली, भरतनाट्यम, मणीपुरी, ओडिसी एवं कुचिपुड़ी आदि ही मान्य होंगे।
5. प्रत्येक प्रतियोगी को अधिकतम 15 मिनिट की समयावधि मिलेगी। तैयारी के लिये अलग से समय नहीं दिया जायेगा।
6. पंजीयन के समय नृत्य के महत्व एवं कथा का संक्षिप्त वर्णन तथा गाये जाने वाले गीत को लिखित रूप में तीन प्रतियों में जमा करना होगा।
7. निर्णय का आधार लय, ताल, तकनीक, अभिनय या भावमुद्रा, वेश–भूषा, पद संचालन एवं समग्र प्रभाव के आधार पर निर्णय होगा।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**<u>समूह नृत्य (लोक)</u>**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में अधिकतम 08 प्रतिभागी रहेंगे। दल के सदस्य चाहें तो केवल पुरूष या युवतियॉ अथवा दोनों ही रह सकते हैं।
4. संगतकारों की अधिकतम संख्या 3 रहेगी।
5. केवल आदिम नृत्य अथवा लोकनृत्य (भारतीय शैली) ही मान्य होंगे न कि शास्त्रीय नृत्य।
6. नृत्य के लिये अधिकतम 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
7. पंजीयन के समय प्रवेश पत्र के साथ ही नृत्य की संक्षिप्त जानकारी एवं कथा लिखित रूप में तीन प्रतियों में जमा करना होगा।
8. प्रस्तुति के समापन के पश्चात् अपनी नृत्य सामग्री मंच से हटाने की जिम्मेदारी प्रत्येक दल की होगी।
9. निर्णय का आधार होंगे लय, संयोजन, भाव भंगिमा, रूप सौन्दर्य, वेश–भूषा एवं समग्र प्रभाव होगा।
10. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**<u>एकांकी</u>**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में प्रतियोगियों की अधिकतम संख्या 8 निर्धारित है।
4. संगतकारों की अधिकतम संख्या 3 रहेगी।
5. प्रस्तुति का अधिकतम समय 30 मिनिट निर्धारित है। आगामी प्रस्तुति के लिये मंच उपलब्ध कराने का दायित्व पूर्ववर्ती दल का रहेगा।
6. संकेत मिलने पर दल प्रस्तुति प्रारम्भ करेगा। उसी समय से अवधि की गणना होगी।
7. एकांकी हिन्दी, अंग्रेजी अथवा मध्य प्रदेश की किसी भी क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुति देने वाले दल को एकांकी की विषय वस्तु हिन्दी / अंग्रेजी में पंजीयन के समय प्रस्तुत करना होगा।
8. भाग लेने वाली टीमें आवश्यकतानुसार सेट, वेश–भूषा, मेकअप, मंच सज्जा आदि की व्यवस्था स्वंय करेंगी।
9. मंच पर सेट रखने व हटाने का अधिकतम समय 10 मिनिट निर्धारित है।
10. नाटक की गुणवत्ता जैसे की कथा वस्तु, अभिनय कला, मंच सज्जा एवं समग्र प्रभाव होगा।
11. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।
12. प्रतियोगी दलों को अपनी उपस्थिति की जानकारी प्रतियोगिता प्रभारी को मंच के 02 घण्टे पूर्व अवश्य देना होगी।

**<u>माईम (मूक अभिनय)</u>**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में प्रतियोगियों की अधिकतम संख्या 5 निर्धारित है।
4. संगतकारों की अधिकतम संख्या 2 रहेगी।
5. प्रस्तुति के लिये अधिकत 05 मिनिट का समय निर्धारित है।
6. निर्णय का आधार विचार, प्रस्तुति की रचनात्मकता, संगीत एवं रूप सामग्री तथा समग्र प्रभाव होगा।
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**स्किट**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रत्येक दल में प्रतियोगियों की अधिकतम संख्या 5 निर्धारित है।
4 संगतकारों की अधिकतम संख्या 2 रहेगी।
5. प्रस्तुति के लिये अधिकत 10 मिनिट का समय निर्धारित है।
6. रूप सज्जा, वेशभूषा एवं पार्श्वसंगीत मान्य है।
7. पंजीयन के समय स्किट की कथावस्तु को लिखित रूप में तीन प्रतियों में जमा करना होगा।
8. निर्णय का आधार कथावस्तु, अभिनय, मंच सज्जा, रचना एवं समग्र प्रभाव होगा।
9. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**मिमिक्री**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रस्तुति के लिये अधिकत 05 मिनिट का समय निर्धारित है।
4. जाति, धर्म, संप्रदाय पर आक्षेप या फूहड़ या अश्लील प्रदर्शन नहीं किया जायेगा।
5. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**प्रश्नमंच**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से 03 सदस्यों का एक दल भाग ले सकेगा।
3. प्रारम्भिक चक्र लिखित होगा तथा इसी आधार पर चयन किया जायेगा।
5. अंतिम चक्र मौखिक आधार, जिसमें दृश्य–श्रव्य आधार पर प्रश्न होंगे, आयोजित होगी।
6. मूल्यांकन पद्धति, समय एवं चक्रों की संख्या आदि की जानकारी प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के समय दी जावेगी।
7. प्रश्नमंच के मूल्यांकन की पद्धति क्वीज मास्टर अपने विवेक से तय कर सकेंगे।
8. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**वाद–विवाद**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगी।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक दल में 02 सदस्य होंगे। जिनमें एक पक्ष तथा दूसरा विपक्ष के लिए रहेगा।
3. वक्ता अपने विचार हिन्दी या अंग्रेजी में व्यक्त कर सकता है।
4. प्रतियोगी को अधिकत 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
5. वाद–विवाद का विषय 24 घण्टे पूर्व घोषित किया जायेगा।
9. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**वक्तृत्वकला**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. वक्ता अपने विचार हिन्दी या अंग्रेजी में व्यक्त कर सकता है।
4. प्रतियोगी को अधिकत 05 मिनिट का समय दिया जायेगा।
5. प्रतियोगिता का विषय 24 घण्टे पूर्व घोषित किया जायेगा।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**पोस्टर मेकिंग**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक टीम भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही दिया जायेगा। प्रतियोगी को प्रतियोगिता प्रभारी द्वारा दिये गये विषय पर ही पोस्टर निर्माण करना होगा।
4. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 2 घण्टा 30 मिनिट निर्धारित है।
5. प्रतियोगी को पेन्टिंग के लिये शीट आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा दिया जावेगा। शेष सामग्री उसे स्वंय लानी होगी।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**ऑन द स्पोट पेंटिंग**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही निर्धारित किया जायेगा। प्रतियोगी को प्रतियोगिता प्रभारी द्वारा दिये गये विषय पर ही चित्रांकन करना होगा।
4. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 2 घण्टा 30 मिनिट निर्धारित है।
5. चित्र का आकार 22x15 इंच रहेगा।
6. चित्रांकन हेतु सामग्री यथा ब्रश, रंग आदि की व्यवस्था प्रतियोगी स्वंय करेंगे। कागज का प्रदाय विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कार्टूनिंग**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 01 घण्टा निर्धारित है।
4. कागज का साईज 22x15 इंच रहेगा।।
5. प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही घोषित किया जायेगा। प्रतियोगी को कृति का निर्माण प्रतियोगिता प्रभारी द्वारा दिये गये विषय पर ही चित्रांकन करना होगा।
6. प्रतियोगी को आयोजकों द्वारा केवल कागज प्रदाय किया जायेगा।
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कॉलाज**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही निर्धारित किया जायेगा।
4. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 2 घण्टा 30 मिनिट निर्धारित है।
5. कागज का साईज 22x15 इंच रहेगा।।
6. प्रतियोगी को आयोजकों द्वारा केवल कागज प्रदाय किया जायेगा। कैंची, चिपकाने वाला मटेरियल व अन्य सामग्री प्रतियोगी को स्वंय लाना होगी।
7. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**क्ले मॉडलिंग**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही निर्धारित किया जायेगा।
4. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 2 घण्टा 30 मिनिट निर्धारित है।
5. प्रतियोगी को आयोजकों द्वारा केवल मिट्टी प्रदाय की जायेगी। अन्य सामग्री प्रतियोगी को स्वंय लाना होगी।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

**रंगोली**

1. प्रत्येक स्तर से अगले उच्च स्तर पर केवल एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय से एक प्रतिभागी भाग ले सकेगा।
3. प्रतियोगिता का अधिकतम समय 2 घण्टा 30 मिनिट निर्धारित है।
4. प्रतियोगी को प्रतियोगिता से सम्बन्धित समस्त सामग्री स्वंय लाना होगी। इस कला को विविध क्षेत्रों में विविध नामों जैसे – अल्पना, मांडना, आलेखन, कॉलम, रंगोली आदि।
5. प्रतियोगी माध्यम एवं आकार के लिये स्वतंत्र है। वर्णनात्मक, चित्रात्मक अथवा मुक्त चित्रण किया जा सकता है।
6. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रपत्र "अ"




## दल का विवरण

1. विश्वविद्यालय का नाम : ..............................
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण का नामः ..............................
   मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई डी ..............................
3. दल प्रबन्धक का नाम :
   01. महिला ..............................
   दूरभाष/मो. ..............................
   02. पुरूष ..............................
   दूरभाष/मो. ..............................
4. ग्वालियर पहुँचने का दिनांक : .................. समय ..................
5. यात्रा का माध्यम (आगमन) : रेल / बस ..............................
   (यदि रेल तो कृपया निम्न जानकारी प्रदान करें।)
   अ- रेल का नाम ..............................
   ब- रेल क्रमांक ..............................
   स- पहुंचने का समय ..............................
6. ग्वालियर से जाने की दिनांक : .................. समय ..................
7. यात्रा का माध्यम (प्रस्थान) : रेल / बस ..............................
   (यदि रेल तो कृपया निम्न जानकारी प्रदान करें।)
   अ- रेल का नाम ..............................
   ब- रेल क्रमांक ..............................
   स- प्रस्थान का समय ..............................
8. प्रतिभागी दल की विस्तृत जानकारी
   1. कुल प्रतिभागियों की संख्या महिला .................. पुरूष ..................
   2. संगतकारों की कुल संख्याः महिला .................. पुरूष ..................
   3. दल प्रबन्धक : महिला .................. पुरूष ..................
9. कुल सांस्कृतिक दल संख्या : ..............................

**सांस्कृतिक समन्वयक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के**
**हस्ताक्षर एवं सील**

टीप : प्रतिभागी, संगतकार, दल प्रबन्ध एवं कार्यालयनी कर्मचारी सहित कुल संख्या 69 से अधिक नही होनी चाहिये।

प्रपत्र ''ब''




1. प्रतियोगी का नाम ..............................................................................
2. पिता का नाम ..............................................................................
3. पता एवं दूरभाष क्रं0 ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................
4. जन्म तिथि (01 जुलाई 2024 को 25 वर्ष से अधिक न हो )
अंको में ......................... शब्दों में ..........................................................
5. वर्तमान आयु .................कक्षा ..................................................................
6. विश्वविद्यालय का नाम ..............................................................................
7. प्रतियोगिता जिसमें भाग ले रहा है ...................................................
..................................................................
..................................................................

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रदत्त उपर्युक्त समस्त जानकारी सही है। असत्य सिद्ध होने पर मुझे प्रतियोगिता में भाग लेने से निशिद्ध करने अथवा मेरा परिणाम निरस्त करने का समन्वयक, प्रकोश्ठ को पूर्ण अधिकार है।

**दिनांक** .................................... **प्रतियोगी के हस्ताक्षर**
**स्थान** ....................................

(प्रतियोगी अपना नवीनतम छायाचित्र लगाकर उसे अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी से अभिप्रमाणित करायेंगे।)

हस्ताक्षर एवं सील
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

हस्ताक्षर एवं सील
सम्बन्धित प्राचार्य

टीप : प्रत्येक विधा के लिये प्रतियोगी पृथक–पृथक प्रपत्र भरेंगे।

प्रपत्र "स"




## संगतकार की जानकारी

1. विश्वविद्यालय का नाम : ..........................................................

2. संगतकार का नाम : ..........................................................

3. कक्षा : ..........................................................
   (यदि नियमित छात्र है तो)

4. विधा का नाम : ..........................................................

5. निवास स्थान का पता : ..........................................................
   एवं दूरभाष कमांक ..........................................................
   ..........................................................

**( संगतकार के हस्ताक्षर )**

प्रपत्र ''द''




1. विश्वविद्यालय का नाम : ..................................................................
2. म्यूजिक/थिएटर/डांस/लिटरेरी/फाईन आर्ट्स के प्रतियोगियों एवं संगतकारों के नाम निम्नलिखित प्रपत्र में अलग–अलग भरवाये।
3. प्रतियोगी की आयु 01 जुलाई 2024 को वर्ष से अधिक न हो।

| **क्रमांक** | **प्रतियोगी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में)** | **जन्मतिथि** | **विधा (प्रतियोगी जिसमें भाग ले रहा है)** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**संगतकारों का विवरण**

| क्रं. | संगतकार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | छात्र/प्रोफेशनल | विधा जिसमें संगत का कार्य कर रहे हैं। |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(आकस्मिक प्रभारी)

सांस्कृतिक समन्वयक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के हस्ताक्षर एवं सील

टिप : 1. विधाओं का आयोजन विभिन्न स्थलों पर किया जाना है। इसलिये प्रतियोगी प्रत्येक विधा के लिए पृथक–पृथक प्रपत्र (फॉर्म) भरें।
2. कृपया आवश्यकतानुसार प्रपत्र की छायाप्रति करवायें एवं प्रपत्र की एक प्रति प्रतियोगी अपने साथ आयोजन स्थल पर साथ लेकर जावें।

प्रपत्र ई




**विश्वविद्यालय का नाम :**

| क्र. | प्रतिभागी छात्र/छात्रा का नाम | विश्वविद्यालय | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एकल नृत्य (शास्त्रीय) | समूह नृत्य/लोकनृत्य | एकांकी | मूकाभिनय माइम) | स्किट (हास्य नाटिका) | मिमिक्री (उपहास सहित अनुकरण) | एकल गायन (सुगम) | एकल गायन (पाश्चात्य) | एकल गायन (पाश्चात्य) | समूह गायन (भारतीय) | समूह गायन (पाश्चात्य) | शास्त्रीय एकल वादन (परकुसन) | शास्त्रीय एकल वादन (नान परकुसन) | वाद विवाद | प्रश्न मंच | वक्तृता | स्थल चित्रण (स्पॉट पेंटिंग) | क्ले माडलिंग | कोलाज | रंगोली | व्यग्य चित्र (कार्टूनिंग) | पोस्टर निर्माण |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

1. कृपया उपर्युक्त अनुभाग में प्रतियोगियों की विधाओं को सही का चिन्ह (✔) लगावे जिसमें प्रतियोगी भाग ले रहा है।
2. प्रमाणित किया जाता है कि प्रतिभागी छात्र युवा उत्सव में सम्मिलित होने की समस्त शर्ते पूर्ण करते हैं, सांस्कृतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करने/अनुशासनहीनता किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे।

कृपया आवश्यकतानुसार फोटोकॉपी करवाये।

**अधिष्ठाता छात्र कल्याण/प्रभारी अधिकारी**
**के हस्ताक्षर एवं सील**